## एक नजर में

### जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त को

**देवास।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित की जाएगी। पर्यटन क्विज के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य के.के. मिश्रा एवं क्विज मास्टर लोकेश सांवलिया ने बताया कि इस साल जिले के 190 विद्यालयों के 570 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। एक विद्यालय के तीन विद्यार्थी एक टीम के रूप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी, पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी, इसमें सर्वाधिक अंक पाने वाली 6 टीमें दूसरे चरण में जाएंगी। यह चरण मल्टीमीडिया राउंड का होगा, इसमें क्विज मास्टर रोचक प्रश्न पूछेंगे। विजेता टीम राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। यह आयोजन जिला कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह जी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। डी ए टी सी सी नोडल अधिकारी स्मिता रावल के अनुसार पहली तीन विजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और 3 दिन दो रात का पर्यटन भ्रमण का कूपन मिलेगा। अगली तीन उपविजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और दो दिन एक रात का भ्रमण कूपन मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

### जेवलिन प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को

**देवास।** जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जेवलिन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नीरज चोपड़ा द्वारा जो ओलंपिक में मेडल जीता था तब भारतीय एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा फैसला किया था कि 7 अगस्त को जेवलिन डे पूरे भारत वर्ष में मनाया जाए। नीरज चौपड़ा की इस उपलब्धि पर यह दिवस मनाने का फैसला किया है। उनके दिशा अनुसार देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन जेवलिन प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को प्रात: 10 बजे कुशाभाव ठाकरे स्टेडियम विकास नगर में आयोजित की जाएगी। इसमें सिर्फ स्कूल के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन सचिव अनिल श्रीवास्तव ने दी।

### नि-क्षय पोषण आहार किट वितरित किये



**देवास।** भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत, टीएसीसी लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट पर्यावरण उत्तरदायित्व के तहत एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य पहल नि-क्षय पोषण योजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋतुराज सिंह, जिला कलेक्टर, देवास की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर देवास जिला अस्पताल परिसर से 250 उपचारित टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण आहार किट वितरित कर इस पहल की औपचारिक शुरुआत की गई। इस पहल के अंतर्गत, टीबी से पीड़ित 1000 मरीजों को आगामी छह माह तक प्रतिमाह नि:शुल्क नि-क्षय पोषण आहार किट प्रदान की जाएगी। यह वितरण ब्लॉक स्तर पर देवास जिला क्षय नियंत्रण केंद्र (डीटीसी), बरोठा, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद एवं खातेगांव में प्रत्येक माह आयोजित होगा। वितरण प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति में किया जाएगा तथा लाभार्थियों से सहमति पत्र लेकर आवश्यक दस्तावेजों का संधारण किया जाएगा। कार्यक्रम में टीएसीसी लिमिटेड के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश खेतान, अतुल यादव, विकास शर्मा, राजेश मलिक, उमाकांत गुप्ता, शिव विजयवर्गीय, मोहित दशोरा, अनुभव जॉन, मोहित त्रिपाठी एवं डॉ सतीश सैनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. सरोजिनी बेक (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. अमरीन शेख (जिला टीबी अधिकारी), निशा डाल्के (प्रिंसिपल जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र), हुकुम परमार (स्टोर प्रभारी), मोहन शिंदे (एसटीएस), राजेश जोशी (टीबीएचवी) एवं अन्य चिकित्सकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचएमओ) डॉ. सरोजिनी बेक ने टीएसीसी लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, टीबी मरीजों को समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य स्थिति की नियमित जांच कराते रहना चाहिए। उन्हें अपने वजन, हीमोग्लोबिन और बलगम की जांच के साथ नियमित रूप से दवाओं का सेवन करना चाहिए। समय पर जांच और दवा सेवन से टीबी पूरी तरह से ठीक की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की पोषण आहार किट से मरीजों को शारीरिक रूप से मजबूत बने रहने में मदद मिलेगी, जिससे इलाज का असर और तेज होगा। इस अवसर पर टीएसीसी लिमिटेड के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश खेतान ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि, हमारी कंपनी जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती है और ऐसे सामाजिक उत्तरदायित्वों में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहती है। हाल ही में टीएसीसी लिमिटेड द्वारा महिला स्वास्थ्य शिविर का भी सफल आयोजन किया गया, जिसका लाभ स्थानीय समुदाय की अनेक महिलाओं को मिला। टीएसीसी की इस पहल का उद्देश्य न केवल उपचार के समय को कम करना और इलाज के परिणामों को बेहतर बनाना है, बल्कि विशेष रूप से ग्रामीण एवं कमजोर वर्गों में टीबी के प्रति जागरूकता और पोषण सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार सुनिश्चित करना भी है। इस अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने टीएसीसी लिमिटेड का आभार व्यक्त किया और इस अभियान में सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि, ऐसे प्रयासों से न केवल मरीजों को सहायता मिलती है, बल्कि जिला प्रशासन को भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा करने में बल मिलता है। उन्होने अपने विचार साझा करते हुए ने कहा, भारत का व्यापक टीबी उन्मूलन दृष्टिकोण सकारात्मक परिणाम दिखा रहा है, जिससे टीबी के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आई है और स्वास्थ्य प्रतिक्रिया ढाँचा मजबूत हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी, नवोन्मेषी देखभाल समाधानों और सामुदायिक सहभागिता पर निरंतर जोर देने के साथ, भारत 2025 में टीबी मुक्त राष्ट्र के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी इस लक्ष्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के समापन पर, श्री खेतान ने सिविल अस्पताल देवास की पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### मंडल अध्यक्ष के निवास पर जाकर स्वागत किया

**देवास।** नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष बैकलिया सरकार मंडल



कांटाफोड़ लोहारदा सुनील पटेल के निवास पर जाकर के आदर्श ग्राम पंचायत पलासी के सरपंच प्रतिनिधि एवं बागली विधानसभा ईकाई अध्यक्ष अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के लखन उईकै सुरेश पटेल महैश जारवाल मित्र मंडल ने मंडल अध्यक्ष के निवास ग्राम रामपुर पर जाकर स्वागत किया एवं जिला भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया।

### शिवधाम कालोनी में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़े

**कन्नौद।** स्थानीय शिव धाम कॉलोनी इंदौर रोड पर 29-30 जुलाई की रात्रि को करीबन 3.40 बजे से 3 नकाबपोशों ने मकानो के ताले तोड़ने की वारदात को अंजाम दिया पहले गली में एक बैंक के अधिकारी के घर का ताला टूटा बाद अन्य मकानों को भी निशाना बनाकर वहाँ पर भी ताले चटकाये सम्पूर्ण घटना कालोनी में लोगो के यहा लगे सी सी टी वी केमरो में केद हो गई। जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस हरकत में आई और सूक्षमता से जाँच करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी द्य किन किन के यहा क्या समान रकमे नगदी चोरी हुए यह तो जाँच पड़ताल के बाद ही पता चल पायेगा।

## बागली के 11 जर्जर स्कूल भवन जेसीबी से ध्वस्त किए





**बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए प्रशासन ने उठाया ऐतिहासिक कदम**

**देवास।** राजस्थान में हाल ही में एक स्कूल भवन गिरने की दर्दनाक घटना के बाद देवास जिला प्रशासन ने समय रहते बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर बागली अनुभाग के 11 खंडहरनुमा शासकीय स्कूल भवनों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे संभावित जनहानि को समय रहते रोका जा सका। यह कार्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव की मौजूदगी में किया गया। स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इस कार्यवाही को तत्काल अंजाम दिया, जिससे सैकड़ों छात्र-छात्राओं की जान जोखिम में पड़ने से बच गई।

जिले में यह पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर खंडहरनुमा स्कूल भवनों को हटाने की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा लिया गया यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक और सराहनीय माना जा रहा है।

इस त्वरित और साहसिक निर्णय से क्षेत्र में प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की है और बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम को आवश्यक और समयोचित बताया है।

### कुल 18 खंडहरनुमा स्कूल चिन्हित

बागली अनुभाग में कुल 442 शासकीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 18 स्कूल भवन पूरी तरह खंडहर हो चुके हैं और वहां पढ़ाई अब वैकल्पिक स्थानों पर की जा रही है। इसके अलावा, 27 अन्य स्कूल भवन भी जर्जर अवस्था में हैं, जिनमें से 18 स्कूल 30 वर्ष से अधिक पुराने हैं। इनकी रिपोर्ट बनाकर जिला स्तर पर भेज दी गई है।

## अवैध शराब से भरी बोलेरो जब्त



**देवास।** थाना सोनकच्छ पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन से 13 पेटी अवैध शराब जब्त की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर बवाई गांव के पास पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी के दौरान उसमें भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि जब्त की गई शराब किसी लाइसेंसी ठेकेदार की हो सकती है, जिसे अवैध रूप से ग्रामीण इलाकों में सप्लाई किया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शराब के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और वाहन के मालिकाना हक की जांच की जा रही है।

पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या इसमें किसी ठेकेदार की सीधी संलिप्तता है या फिर कर्मचारी स्तर पर ही यह खेल खेला जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। संभावना है कि इस कार्रवाई के माध्यम से अवैध शराब के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

## किंग जॉर्ज के खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण पदक



**देवास।** 27 जुलाई 2025 को श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्पोर्ट्स पार्क, टाटा चौराहा, देवास पर आयोजित प्रथम जिला स्तरीय टच रग्बी चौंपियनशिप 2025 का आयोजन हुआ जिसमें देवास जिले के विभिन्न स्कूलों ने हिस्सा लिया। जूनियर कैटेगरी में खेलते हुए किंग जॉर्ज हायर सेकंडरी स्कूल बजरंग नगर, देवास के बालकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय संचालिका अलका कनौजिया ने बताया कि टीम में विराज यादव कप्तान, माध्यम चौहान उप कप्तान पीयूष राठौर, रणवीर सिंह, आशीष अहिरवाल, शरद यादव, जिगर विश्वकर्मा, अश्विन राठौर शामिल थे। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना जलवा बिखेरेंगे। खेल प्रशिक्षक विशाल सिंह और राजेश सोलंकी एवं विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**बच्चों ने ली नशा मुक्ति की शपथ**



**देवास।** उड़ान स्पोर्ट्स विकास समिति, सोनकच्छ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बच्चों एवं नवोदित खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं खेलपरक जीवन की ओर प्रेरित करना था। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सोभाग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा केवल शरीर ही नहीं, संपूर्ण व्यक्तित्व को क्षीण करता है। युवाओं को चाहिए कि वे खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, जिससे न केवल वे आत्मविकास करें, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक दिशा दें। युवा समन्वयक जावेद पठान ने अपने उद्बोधन में कहा, नशा उन्मूलन कोई एक व्यक्ति की नहीं, संपूर्ण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब हम सब मिलकर संकल्प लें, तभी इसका समूल नाश संभव है। कार्यक्रम में फुटबॉल कोच विल्सन निनामा एवं वॉलीबॉल कोच आयुष गांगुड़े की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। दोनों प्रशिक्षकों ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नशे से दूर रहने और खेलों में निरंतर संलग्न रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिन सिंह परिहार ने उपस्थित बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं दृढ़ निश्चय के साथ यह संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके कुप्रभावों से सजग करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले बच्चों को सोभाग सिंह ठाकुर द्वारा पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। नशे से दूरी है जरूरी इस भाव को आत्मसात करते हुए यह कार्यक्रम समाज में एक जागरूक चेतना का संचार करता प्रतीत हुआ। खेलों के माध्यम से यदि हम युवाओं को जीवन की सही दिशा दिखा सकें, तो वह दिन दूर नहीं जब एक स्वस्थ, समर्थ एवं नशा-मुक्त भारत का सपना साकार होगा।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा स्थापना दिवस को रजत जयंती सम्मान समारोह के रूप में मनाया



**देवास।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा देवास ने शाखा स्थापना दिवस को स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती सम्मान समारोह के रूप में होटल रामाश्रय में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। जिसमें बड़ी संख्या मे देवास की प्रबुद्ध महिलाओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की जिनमें शहर की अन्य महिला संस्था एवं समाज की महिलाएं शामिल रही। देवास की मां चामुंडा शाखा ने भी उपस्थित हो कर कार्यक्रम में भाग लिया। शाखा अध्यक्ष शकुंतला सोनी ने बताया कि हमारी शाखा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में 25 वर्षों से लगातार सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। इस उपलब्धि पर शाखा द्वारा अपनी समस्त पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर एवं लव जिहाद पर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गई। बहनों द्वारा देश के अनेक प्रांतो की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर प्रदर्शन किया गया साथ ही नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित देवास नगर निगम की महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को स्वच्छता मिशन में देश के 3 लाख जनसंख्या तक के शहरों में प्रथम आने पर सम्मान पत्र प्रदान किया गया। श्रीमती अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में इस उपलब्धि के लिए नगर की जनता एवं सदन में उपस्थित बहनों की भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष इंदु सोमानी, राष्ट्रीय अंचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा ने अपने उद्बोधन में शाखा एवं संस्था की 25 वर्ष की यात्रा एवं उपलब्धियां को स्मरण किया एवं इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में शाखा की महिला सशक्तिकरण प्रमुख डॉक्टर किरण भार्गव को उनके सतत किए गए कार्यों के लिए महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सुमन मूंदड़ा को शाखा सदस्य के रूप में राष्ट्रीय पदों तक अपनी पहचान बनाने के लिए शाखा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजश्री सोनी एवं शीतल सोनी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम समापन पर शाखा सचिव श्रीमती विजयलक्ष्मी भूतड़ा द्वारा आभार प्रदर्शन किया।

## रोटरी क्लब का पदभार ग्रहण समारोह आज

**भौरासा।** अंतरराष्ट्रीय मंडल 30-40 रोटरी क्लब ऑफ भौरासा का 23 वा पदभार ग्रहण समारोह 2025-26 का आज दिनांक 31 - जुलाई- 2025 गुरुवार को समय शाम 6, 30, बजे इंदौर भोपाल रोड टोल टैक्स नाका श्री बालाजी रेस्टोरेंट पर रहेगा जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटे डॉ रूपसिंह नागर नवनिर्वाचित सचिव रोटे किशोर वर्मा एवं पदाधिकारीगण अपने पदभार की शपथ इस ग्रहण समारोह मे लेंगे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटें, सुशील एवं रोटे, रूबी मल्होत्रा (रोटरी गवर्नर) शपथ अधिकारी, रोटे, सत्यनारायण लाठी, (पूर्व मंडलाध्यक्ष) विशेष अतिथि रोटे, डॉ, जामीन हुसैन (पूर्व मंडलाध्यक्ष) विशेष अतिथि रोटे, दिनेश कारपेंटर (सहायक मंडलाध्यक्ष) रहेंगे वही आपको बता दे की डॉ रूप सिंह नागर यह तीसरी बार रोटरी क्लब अध्यक्ष के रूप में शपथ लेंगे वहीं किशोर वर्मा तीसरी बार सचिन के रूप में शपथ लेंगे वही वर्मा एक बार रोटरी क्लब के अध्यक्ष भी रह चुके हैं उक्त जानकारी रोटरी क्लब के, कन्हैयालाल खटवा, प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव ने दी।

## दस्तावेज नही होने पर सीमेंट का ट्रक रोका



**सोनकच्छ।** सीमेंट से भरा एक ट्रक राज्य कर विभाग ने गश्ती के दौरान पकड़ा है। ड्राइवर से पूछताछ करने पर कोई वैध दस्तावेज नही दिखाएं जाने पर उसे पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया है। जानकारी के मुताबिक राज्य कर विभाग अधिकारी देवास चंद्रशेखर व्यास ने बताया कि, एम जी रोड पर एक सीमेंट से भरा ट्रक जा रहा था। ट्रक ड्राइवर को रोका गया, ड्राइवर से दस्तावेज मांगे गए लेकिन उसके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तूत नही किए। जिसे नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर निकाली साइकिल रैली, बाघ सरंक्षण का दिया संदेश



**देवास।** जिला सायकलिंग संगठन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि अतंरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर, बाघों के सरंक्षण और उनके प्राकृति क आवासों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देवास जिला साइक्लिंग असोसिएशन व रोटरी क्लब देवास द्वारा 29 जुलाई को शहर में एक भव्य साइक्लिंग रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में उत्साही साइकिल चालकों और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। इस साइकिलिंग रैली का उद्देश्य बाघों की घटती आबादी के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना और उन्हें बाघ संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित करना था। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बाघ हमारे पारिस्थिति की तंत्र के लिए कितने महत्वपर्णू हैं और उनका सरंक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं से लेकर सामाजिक सगंठन रोटरी क्लब के सदस्य और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी साइकिल चालकों ने बाघ बचाओ, जंगल बचाओ और पर्यावरण बचाओ जसै नारें लगाए। आयोजकों ने बताया कि देवास जिले में भी बाघों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, ऐसे में स्थानीय स्तर पर भी जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह रैली सिर्फ एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि एक सकंल्प है कि हम सब मिलकर बाघों को बचाने और उनके प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हर सभंव प्रयास करेंगे। रैली में रोटरी क्लब सदस्य अमरजीत खनूजा, सुधीर पंडित, अध्यक्ष डॉ सचिन नागर सचिव हिमांशु दुबे रोटेरियन पीएन तिवारी रोटेरियन भरत खेर, संदीप जाधव कोषाध्यक्ष देवास जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, पवन यादव सचिव जिला शतरंज संगठन, सैंडी एकेडमी के सुनील मालवीय, सूरज वामनिया, विशाल सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, देवराज सांगते, सुमित पटेल, हर्ष, उपस्थित रहे समापन अवसर पर देवास जिले की बालिका काजल कुमावत खेलो इंडिया वूमेंस लीग इंदौर में स्वर्ण पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया का स्वागत भी किया।

**एक नजर** कलेक्टर, एसपी एवं एएसपी पहुँचे जॉन डियर कंपनी

## हर स्कूल, हर उद्योग, हर दिल में गूंजा संकल्प देवास बना नशा मुक्ति आंदोलन का केंद्र



**देवास।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के कुशल मार्गदर्शन में 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान का संचालन किया गया। इस राज्यस्तरीय प्रयास को देवास जिले में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में एक सशक्त सामाजिक आंदोलन का रूप मिला, जिसने हर वर्ग विशेषकर युवाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव जागृत किया। अभियान को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के निर्देशन में सुनियोजित और चरणबद्ध रूप में संचालित किया गया। देवास, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद, डीएसपी (एल-आर) सहित सभी अनुभागों में एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा इस अभियान को ज़मीनी स्तर तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाया। नशा मुक्ति अभियान के अंतिम चरण में 30 जुलाई को कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया द्वारा देवास औद्योगिक क्षेत्र स्थित जॉन डियर कंपनी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम में जॉन डियर कंपनी के 500+ अधिकारी एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति रही, जो स्वयं इस अभियान का हिस्सा बनकर सामाजिक ज़िम्मेदारी के सकारात्मक उदाहरण बने। कलेक्टर श्री सिंह ने नशे के कारण उत्पन्न सामाजिक असंतुलन, आर्थिक हानि एवं पारिवारिक विघटन पर प्रकाश डालते हुए जनमानस से आग्रह किया कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, परिवार और राष्ट्र को भी खोखला करता है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अपने संबोधन में युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहते हुए स्वयं के साथ-साथ अपने मित्रों, परिजनों एवं सहकर्मियों को भी इस दिशा में जागरूक करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया ने औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि, नशे से दूर रहकर ही कार्य कुशलता, पारिवारिक सुख और सामाजिक सौहार्द सुनिश्चित हो सकता है। उपस्थितजनों को नशा मुक्त जीवन जीने एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उदयनगर जिला देवास के ग्राम पोलाखाल ह न की सर्वे नंबर 64, 65/1, 65/2, 66, 67/3, 282 कुल 3.74 हेक्टेयर भूमि का सौदा विक्रेता श्रीमती प्रीति महाजन श्री अरविंद महाजन देवास एवं सुनिल महाजन मनोज महाजन श्रीमती गंगा बाई पिता जगन्नाथ से क्रेता अविनाश पिता जगन्नाथ अटाहरा देपालपुर जिला इंदौर ने विक्रय की है जिसकी आंशिक राशि प्रथम पक्ष को दी जा चुकी है अनुबंध अनुसार शीघ्र रजिस्ट्री की जानी है, किसी को कोई आपत्ति हो या कोई भी किसी प्रकार का उक्त भूमि पर लेनदेन हो तो इस नंबर पर सूचीत करे। अविनाश जगन्नाथ

8103521277